हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 धनतेरस आजः बाजार में बढ़ी रौनक, हस्त नक्षत्र व मालव्य राजयोग में ...



10 सुबह मुनादी, फिर शाम को सड़कों पर जाम कहां गायब हो जाती है...



RERA- In Progress

श्री बालाजी ईको सिटी फेस-2
एवं श्री बालाजी सिटी प्रीमियम में

LUXURY DUPLEX

आपके सपनों का घर, अब आपकी पसंद

धनतेरस
की हार्दिक
शुभकामनाएं

SHRI BALAJI ECO CITY

SHRI BALAJI
ECOCITY
Quality work for luxurios lifestyle
Phase - II

GRAND ENTRANCE
PREMIUM INTERIORS
AMPLE PARKING
PREMIUM LOCATION
SAFE & SECURE LIVING
GREEN SURROUNDINGS

SHREE BALAJI
city
PREMIUM

SBI | सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India | HDFC BANK

90% लोन सुविधा उपलब्ध है

✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है
✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा

बालाजी ईकोसिटी फेज-2 - पता : वात्सल्य स्कूल के पास, हरिपुरा, सोंठिया रोड, विदिशा

बालाजी सिटी प्रीमियम - पता: सरस्वती स्कूल के सामने, दुर्गा नगर रोड, विदिशा

Project by
NARESH
BUILD AND HOMES PVT.LTD.

A project by

ऑफिस: प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर, विदिशा

CALL US: 9993577113, 8251001111, 9827522045

धनतेरस पर सोना-चांदी ही नहीं, बर्तन, वाहन और झाड़ू खरीदने की भी परंपरा

धनतेरस आज: बाजार में बढ़ी रौनक, हस्त नक्षत्र व मालव्य राजयोग में होगी खरीदी

धनतेरस को लेकर बाजार में रौनक लौट आई है। गुरुवार शाम को बाजार में भारी भीड़ रही। धनतेरस पर आज से बाजार में खरीदी शुरू होगी । आज से पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हो जाएगी। बाजार में भी रौनक बढ़ने लगी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। सिविल लाइन क्षेत्र में राजस्थान मिष्ठान के सामने स्टोन आर्ट के साथ एक से बढ़कर एक तस्वीरें मौजूद हैं।

धनतेरस का पर्व 6 नवंबर शुक्रवार को मनाया जाएगा। पांच दिवसीय दीपावली उत्सव की शुरुआत इसी दिन से होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहा जाता है। मान्यता है कि धनतेरस पर खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली बढ़ाती हैं। यही कारण है कि इस दिन सोना-चांदी के आभूषणों के साथ पीतल, तांबे के बर्तन, नए वस्त्र, वाहन और झाड़ू सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी की जाती है।

धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी परंपरा के चलते धनतेरस पर नए बर्तन खरीदना विशेष शुभ माना जाता है। इस दिन सोना-चांदी, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा, झाड़, धनिया, गोमती चक्र, कौड़ी, हल्दी, धान की लाई, नमक और दीपावली पूजन सामग्री खरीदने की भी मान्यता है। लोकविश्वास है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुओं में 13 गुना वृद्धि होती है।

- इस दिन खरीदी गई वस्तुओं में 13 गुना वृद्धि होती है।
- यमुना स्नान का भी विशेष महत्व बताया गया है।

खरीदी गई वस्तुओं का ऐसे करें पूजन: धनतेरस पर खरीदी गई वस्तुओं पर गंगाजल छिड़ककर उन्हें पवित्र करें। इसके बाद पूजा स्थल पर रखकर मां लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन करें। वस्तुओं पर कुमकुम का तिलक लगाकर फूल अर्पित करें।

यमराज के निमित्त दक्षिण दिशा में दीपदान

धनतेरस की शाम घर के मुख्य द्वार पर यमराज के निमित्त दक्षिण दिशा की ओर दीपदान करने की परंपरा है। यमराज की बहन यमुना से जुड़े होने के कारण इस दिन यमुना स्नान का भी विशेष महत्व बताया गया है। आयुर्वेद के विद्वान और वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती पर विशेष पूजन-अर्चना करते हैं।

खरीदारी के शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10:31 बजे से 7 नवंबर को सुबह 10:48 बजे तक रहेगी। खरीदारी के लिए सुबह 7:45 से 9:15 बजे तक लाभ, 9:15 से 10:45 बजे तक अमृत, दोपहर 12 से 1:30 बजे तक शुभ और शाम 4:30 से 6 बजे तक चर चौघड़िया रहेगा। रात 9 से 10:30 बजे तक लाभ चौघड़िया रहेगा। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:48 से दोपहर 12:38 बजे तक रहेगा। प्रदोष काल शाम 5:15 से 7 बजे तक रहेगा।

डीएम ने किया आयुष कार्यालय का निरीक्षण, दो कर्मचारी थे अनुपस्थित

दवा भंडारण की व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश, मौक पर आयुष अधिकारी नहीं मिले



विदिशा। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान आयुष अधिकारी कार्यालय में दो कर्मचारी नदारद मिले, जिन्हे नोटिस जारी होंगे।

आयुष अधिकारी कार्यालय में ही कर्मचारी मनमर्जी से आ जा रहे हैं, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के आयुष आरोग्य मंदिरों में कर्मचारियों की क्या स्थिति होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जिला आयुष अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले। कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण और दवाओं के भंडारण की स्थिति की जांच कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए।

एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र असाटी और अनिल कुशवाह अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत नस्तियां, सेवा सत्यापन और अवकाश लेखा सहित सभी अभिलेख व्यवस्थित रखने को कहा। साथ ही पंजियों में दर्ज प्रविष्टियों को प्रभारी अधिकारी से प्रमाणित कराने के निर्देश दिए। दवा भंडारण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने यूनानी और होम्योपैथिक दवाओं को अलग-अलग रखने तथा कार्टून और रैक पर एक्सपायरी डेट स्पष्ट अंकित करने को कहा। दवाओं का नियमित भौतिक सत्यापन कराने और स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी कर्मचारियों को बायोमेट्रिक या सार्थक ऐप से उपस्थिति दर्ज कराने और उपस्थिति के आधार पर ही वेतन आहरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को भी सूचना देने के निर्देश दिए।

वनभूमि पर कब्जे की शिकायत करना एक युवक को पड़ा भारी दबंगों ने लाठियों से किया हमला

जनसुनवाई में कलेक्टर से की थी शिकायत, जांच के दौरान वन विभाग ने दोनों पक्षों को खेत पर बुलाया, मारपीट में पूर्व सैनिक सहित कई घायल, मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पठारी थाना क्षेत्र के ग्राम सत्ताखेड़ी जाजोन में वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत करना एक युवक और उसके परिजनों को भारी पड़ गया।

शिकायत की जांच के दौरान खेत पर पहुंचे वन विभाग के सामने ही विवाद हो गया। आरोप है कि कब्जे की शिकायत से नाराज लोगों ने शिकायतकर्ता और उसके परिजनों पर लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट में पूर्व सैनिक सहित कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों ने पठारी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उनका उपचार विदिशा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम निवासी भूपेंद्र सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता को आवेदन देकर वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत के समर्थन में सबूत भी प्रस्तुत किए थे। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद गंजबासौदा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शिकायतकर्ता व कथित कब्जाधारियों को खेत पर बुलाया। आरोप है कि शिकायत से नाराज चंद्रपाल राजपूत, शिवेंद्र सिंह राजपूत, निरंजन सिंह राजपूत, मानवेंद्र सिंह राजपूत और राजवर्धन सिंह राजपूत ने लाठियों से हमला कर दिया। इसमें भूपेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व सैनिक धीरज सिंह राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत और भंवर सिंह राजपूत घायल हो गए।

वनविभाग की भूमिका पर भी उठाए सवाल

शिकायतकर्ता भूपेंद्र सिंह ने वन विभाग की टीम पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभाग की कथित साठगांठ से ही वन भूमि पर कब्जा हुआ है और शिकायत के बाद आरोपियों से हमला करवाया गया। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिट एंड रन के लंबित मामलों का प्राथमिकता से करें निराकरण

विदिशा। अपर कलेक्टर मीना मेसराम ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का प्राथमिकता से निराकरण कर पीड़ितों और उनके परिजनों को शासन के प्रावधानों के अनुसार समय पर राहत राशि दिलाई जाए। दस्तावेजों की कमी या प्रक्रियात्मक देरी से किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। एएसपी मोनिका तिवारी ने थाना-वार लंबित मामलों की जानकारी दी और थाना प्रभारियों को दस्तावेज भेजने व निरंतर फॉलोअप के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सात आरोपियों पर इनाम घोषित, सूचना देने वालों को मिलेगी नकद राशि

विदिशा। एसपी काशवानी ने फरार सात आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए नकद इनाम घोषित किया है। गुलाबगंज थाने में दर्ज अपराध के आरोपी जितेंद्र और प्रहलाद सिंह आदिवासी निवासी कालापाठा की सूचना देने वालों को 3-3 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं शमशाबाद थाने में दर्ज अपराध के फरार पांच आरोपी भगवान सिंह, ओमवीर सिंह, कुशलवीर सिंह, छोटेलाल सिंह उर्फ छुट्टू और राजपाल सिंह निवासी डलापाटई की सूचना देने वालों को 1-1 हजार रुपए का इनाम मिलेगा।

पटाखा बाजार में आग: 7 दुकानें और तीन बाइक जलकर हुईं राख

बरेठ रोड स्थित श्रीरामलीला मेला ग्राउंड में हुआ हादसा, दो फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭गंजबासौदा

बरेठ रोड स्थित नया बस स्टैंड के पास श्रीरामलीला मेला ग्राउंड में गुरुवार शाम पटाखा बाजार में अचानक आग लग गई। आग एक दुकान से शुरू हुई और देखते ही देखते आसपास की दुकानों तक फैल गई। हादसे में पटाखों की सात दुकानें और पास में खड़ी तीन बाइक जलकर राख हो गईं। आगजनी से दुकानदारों को हजारों रुपए के नुकसान की आशंका है।

घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। आग बुझाने के लिए दो फायर ब्रिगेड लगाई गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण कर लिया गया।

गौरतलब है कि हर साल की तरह इस बार भी श्रीरामलीला मेला ग्राउंड में पटाखा दुकानें लगाने के लिए करीब 300 स्थान निर्धारित किए गए थे। इनमें 150 से अधिक दुकानदारों ने दुकानें लगाई हैं। आग की सूचना पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया और नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित दुकानदारों से नुकसान की जानकारी ली। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

संगम विहार कॉलोनी के ऑफिस में तोड़फोड़, कॉलोनाइजर से मारपीट

विदिशा। अहमदपुर रोड स्थित संगम विहार कॉलोनी के कार्यालय में गुरुवार सुबह पांच लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की। कॉलोनाइजर संजीव गुप्ता के अनुसार निखिल यादव अपने चार साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर कार्यालय पहुंचे और उनके व कर्मचारियों के साथ मारपीट की। ने टीवी, कैमरे, टेबल और कांच तोड़ दिए। सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। कॉलोनाइजर ने कार्यालय की दराज में रखे 3 .50 लाख रुपए लूटकर ले जाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात आरोपी कॉलोनी कार्यालय के पीछे शराब पी रहे थे। रोकने पर विवाद हुआ था। सूचना पर डायल-112 भी पहुंची थी। गुरुवार को फिर हमला कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

विदिशा लगातार दूसरे माह प्रदेश में अव्वल

विदिशा। कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में विदिशा जिले ने लगातार दूसरी बार प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। केपीआई पोर्टल की अगस्त और सितंबर 2026 की रैंकिंग में जिला अव्वल रहा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में अगस्त में 42 .95 और सितंबर में 52 .24 स्कोर प्राप्त हुआ।







राजस्थान मिष्ठान भण्डार

♦ शुद्ध देशी घी की बनी मिठाईयां ♦ काजू आयटम ♦ दूध आयटम
♦ बंगाली मिठाईयां ♦ स्पेशल राजस्थानी आलू-प्याज की कचौड़ी समोसा

बेकरी & नमकीन



पता(1): पुराना हॉस्पिटल रोड, विदिशा, पता(1): राजीव नगर, गायत्री मंदिर के सामने, विदिशा

ॐ श्री गणेशाय नमः

धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

योगी मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स

पीतल मिल चौराहा, विदिशा

मोबाइल पर 10% OFF

इलेक्ट्रॉनिक्स पर 20% OFF

16,999/- के ऊपर प्रत्येक प्रॉडक्ट पर TROLLEY BAG बिल्कुल FREE!

FREE उपहार

फ़ोन: 9754903900, 9131064200

शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्के
हर समय शुद्धता के साथ उपलब्ध हैं

916 हॉलमार्क स्वर्ण आभूषणों के अनिवार्य विशेषता

18, 20 एवं 22 कैरेट की HUID हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी उपलब्ध

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



अलंकार ज्वेलर्स

मेन रोड, माधवगंज, विदिशा

2nd ब्रांच- निकासा रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001
फ़ोनः 07592-232255, 233449, मो. 9425148630, 9425191792



पायल मेचिंग

साड़ीज & सूट्स

फर्मः नारायणदास मनमोहनदास अग्रवाल
मोबा. 9407280855, 9827325401

पताः घर संसार के सामने, माधवगंज, मेन रोड, विदिशा



महिन्द्रा डीलर - मे. सियाराम एग्रोटेक
ढोलखेड़ी चौराहा, विदिशा मो. 9827278407
शमशाबाद - 9907227506, गुलाबगंज, ग्यारसपुर/अटारीखेजड़ा - 9098952707, 6260103996

लवली गार्डन

शादी, पार्टी एवं सभी मांगलिक कार्यक्रम हेतु संपर्क करें।
7878227920 8319706821



समस्त जिलेवासियों को

बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के महापर्व

"विजयादशमी" की हार्दिक शुभकामनाएँ

पताः हरिपुरा खिरिया से सोठिया रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001

K.B. Jewellers

स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों की नई श्रृंखला
BIS प्रमाणित हॉलमार्क ज्वेलरी के साथ

Happy Diwali



BIS

प्रो. राजेश सर्राफ मोबा. 9827272070

M/S काशीराम बिहारी लाल सर्राफ पताः बड़ा बाजार, विदिशा (म.प्र.)

AWB Home Construction

और सिमरन ट्रेडर्स एवं
रघुकुल कंस्ट्रक्शन की ओर से

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



स्थानः रुसल्ला रोड, अवधपुरी कॉलोनी
मोबा. 8253086255, 6265850872

अब आपके सपनों का
फार्म हाउस आपके हाथों में

शहर की बहुत प्राइम लोकेशन सागर-भोपाल बायपास के पास
हरियाली के बीच शांति और सुंदर स्थान

SHRI TRUPATI BALAJI REAL ESTATE COMPANY

मधुवन
कॉटेज फार्म हाउस

छोटा निवेश
बड़ा फायदा, हर महीने
रेन्टेड इनकम का
आपको फायदा



COVERED CAMPUS | GRAND ENTRANCE GATE | CEMENTED ROAD | 24X7 WATER & ELECTRICITY | 24X7 CCTV SECURITY
FRUIT PLANTS | LED STREET LIGHTS | BEAUTIFUL GARDEN | CHILDREN PLAY AREA | SEWAGE LINE

फायनेंस सुविधा उपलब्ध

धनतेरस एवं दीपावली स्पेशल ऑफर

नकद भुगतान पर पायें इलेक्ट्रिक स्कूटी और गारंटीड उपहार



सिटी ऑफिस : दुर्गा नगर, दुर्गा मंदिर के सामने, विदिशा,(म.प्र.)
मेन ऑफिस : श्री बालाजी गोल्डन सिटी, विदिशा, (म.प्र.)

9179600327
7987171253
7000680640

Scan For Location

दुकानों के बाहर अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से पैदल निकलना भी मुश्किल

सुबह मुनादी, फिर शाम को सड़कों पर जाम कहां गायब हो जाती है... ट्रैफिक प्लानिंग ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में रोशनी के पर्व दीपावली की रौनक के साथ बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ गई है। लेकिन इसके साथ ही यातायात व्यवस्था की पोल भी खुलने लगी है। सुबह नगर पालिका परिषद और ट्रैफिक पुलिस का अमला मुनादी कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़कें खाली रखने की हिदायत देता है। लेकिन शाम होते ही प्रमुख सड़कों पर अराजक यातायात के हालात बन जाते हैं।

शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही बढ़ती वाहनों की संख्या के चलते गांधी प्रतिमा चौक से लेकर सांची-विदिशा रोड और गंज बाजार तक वाहन रेंगते नजर आते हैं। स्थिति यह है कि कई जगह दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाना तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

दीपावली के चलते बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव भी बढ़ गया है। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और जवान कुछ प्रमुख चौराहों पर तैनात जरूर रहते हैं। लेकिन भीड़ के अनुपात में पुलिस बल कम होने से जाम पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर फुटपाथ और सड़क तक सामान फैलाकर रखने से सड़कें और संकरी हो जाती हैं। नतीजतन राहगीरों और वाहन चालकों को बार-बार जाम में फंसना पड़ता है।

चार-पांच महीने पहले हटाया था अतिक्रमण फिर वही हालात

नगर पालिका ने करीब चार-पांच महीने पहले गंज बाजार रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। उस दौरान व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि दुकानों का सामान सड़क पर नहीं फैलाएं और आवागमन के लिए पर्याप्त जगह खाली रखें। इसके बावजूद अब फिर वही स्थिति बनने लगी है। सुबह मुनादी के जरिए चेतावनी दी जाती है.लेकिन शाम होते ही सड़क किनारे सामान जम जाता है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ नियमित चालानी कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमण करने वालों के हौसले बढ़ रहे हैं।



इनका कहना है

गुरुवार शाम से सांची रोड पर किया रूट डायवर्ट

शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए जा रहे हैं। भारत माता चौराहे से सांची रोड पर गुरुवार शाम से रूट डायवर्ट किया गया है, ताकि यातायात व्यवस्था को काफी हद तक सुधारा जा सके।

- स्नेहा चंदेल, सिटी ट्रैफिक प्रभारी, रायसेन।

इन मार्गों पर सबसे ज्यादा परेशानी

महात्मा गांधी प्रतिमा चौक से वन मंडल कार्यालय होते हुए महामाया चौक तक शाम के समय वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। इसी तरह पीएमश्री पीजी कॉलेज पाटनदेव से गर्ल्स स्कूल, सागर-भोपाल तिराहा, पुराना बस स्टैंड, महामाया चौक, गांधी प्रतिमा मोड़ और कच्ची पुलिया तक यातायात प्रभावित हो रहा है। श्रीरामलीला गेट, सांची रोड, भारत माता चौराहा, सब्जी मंडी और कृषि उपज मंडी पहुंच मार्ग गंज बाजार रोड पर भी हालात बिगड़ रहे हैं। सांची-विदिशा मार्ग पर भीड़ और वाहनों के दबाव के कारण लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

त्योहार में रूट डायवर्जन का प्लान भी नहीं आया नजर

होली, रक्षाबंधन और दीपावली जैसे त्योहारों पर बाजार में यातायात का दबाव कम करने के लिए भारत माता चौराहे पर बेरीकेडिंग कर रूट डायवर्ट करने की व्यवस्था की जाती रही है। इससे बाजार के भीतर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित होती है। लेकिन धनतेरस तक व्यापक स्तर पर ऐसी व्यवस्था नजर नहीं आई। धान व अन्य उपज लेकर आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और नो-एंट्री के दौरान प्रवेश करने वाले भारी वाहनों से भी जाम की स्थिति बन रही है। जिम्मेदार विभागों के बीच समन्वय और पहले से तैयार ट्रैफिक प्लान की कमी आम लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

ग्राउंड रियलिटी : प्लानिंग के अभाव में शहर की जनता हो रही परेशान

शहर के प्रमुख बाजारों में फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग, भारी वाहनों की आवाजाही और त्योहार के दौरान रूट डायवर्जन की कमी यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि केवल सुबह मुनादी कराने से व्यवस्था नहीं सुधरेगी। शाम के व्यस्त समय में प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अतिक्रमण पर चालानी कार्रवाई और भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती जरूरी है।



देश-विदेश से शामिल होंगे बौद्ध श्रद्धालु

सांची में 28 और 29 नवंबर को सजेगा बौद्ध महोत्सव का मंच

- कलेक्टर ने तैयारियों को लेकर ली बैठक
- सुरक्षा, पार्किंग, यातायात और साफ-सफाई की व्यवस्था समय पर पूरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विश्व प्रसिद्ध बौद्ध पर्यटन स्थल सांची में 28 और 29 नवंबर को दो दिवसीय वार्षिक सांची महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में देश-विदेश से बड़ी संख्या में बौद्ध धर्मावलंबियों, बौद्ध भिक्षु श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

गुरूवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने सांची में अधिकारियों की बैठक लेकर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद कलेक्टर ने बौद्ध स्तूप परिसर का भ्रमण कर आयोजन स्थल का जायजा भी लिया।

आगंतुकों की सुविधा व सुरक्षा पर फोकस

कलेक्टर ने कहा कि सांची अंतरराष्ट्रीय पहचान वाला पर्यटन स्थल है। सांची बौद्ध महोत्सव में देश और विदेश से बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में आगंतुकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस और संबंधित विभागों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, यातायात सुचारू बनाए रखने और वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई, लाइट व्यवस्था सहित अन्य जरूरी इंतजाम करने को कहा।

बैठक में जिपं सीईओ कमल सोलंकी, एडीएम मनोज उपाध्याय, महाबोधि सोसाइटी के बौद्ध धर्मगुरु बिमल तिस्से तेरो नायक वानगिल उपस्थिस तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग ने तीन प्रतिष्ठानों से मावा, पनीर और मिठाइयों के सैंपल लिए, जांच के लिए भेजे भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

दीपावली के त्योहार पर मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के बीच मिलावटखोरी रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने रायसेन शहर और आसपास के क्षेत्र में खाद्य सामग्री विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।



जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र नुनइयां ने खरबई स्थित हरिओम रेस्टोरेंट से मावा और पनीर के सैंपल लिए। वहीं रायसेन के शुभम स्वीट्स हाउस से मावा और मलाई बर्फी तथा बीकानेर मिष्ठान भंडार महामाया चौक से बीकानेरी बर्फी, मिल्क केक, मलाई बर्फी और मूंग दाल बर्फी के नमूने संग्रहित किए गए।

रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

विभाग ने सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में गड़बड़ी या मिलावट मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बुजुर्ग महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

सलामतपुर। थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय बुजुर्ग महिला राजकुमारी बाई पत्नी रगड़ निवासी ग्राम मुक्तापुर की मौत हो गई। महिला बुधवार को बकरियां चराने के लिए जंगल की ओर गई थी, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। गुरुवार सुबह मुक्तापुर गांव के पास अप ट्रैक रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 870/1ए के नजदीक महिला का शव मिला। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है।

रोक के बावजूद खेतों में धधक रही पराली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

खेतों में फसल कटाई के बाद बची नरवाई (पराली) को जलाने पर प्रतिबंध होने के बावजूद किसान नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। गुरुवार को भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 के आसपास कई गांवों के खेतों में पराली जलती दिखाई दी। सोजना, मुक्तापुर, बेरखेड़ी चौराहे सहित कचनारिया गांव के कई खेतों में आग की ऊंची लपटें उठती रहीं। खेतों से उठते धुएं के घने गुबार आसपास के इलाकों में फैलते रहे। इसके बावजूद नरवाई जलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आई।



हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों ने खेतों में जलती नरवाई के नजारे देखे। कई स्थानों पर खेतों में बड़े पैमाने पर आग लगाकर फसल अवशेषों को जलाया जा रहा था। इससे आसपास के वातावरण में धुआं फैल गया।

घाटी चढ़ते समय अचानक बंद हुआ ट्रक

बालमपुर घाटी पर गेहूं से भरा ट्रक गहरी खाई में पलट गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे की बालमपुर घाटी पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे ट्रक घाटी चढ़ते समय अचानक बंद हो गया। इसके बाद ट्रक पीछे की ओर रिवर्स होते हुए करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि ट्रक में भरी गेहूं की बोरियां खाई में बिखर गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 0572 गंजबासौदा से गेहूं की बोरियां भरकर इंदौर में माल खाली करने जा रहा था। जैसे ही ट्रक बालमपुर घाटी की चढ़ाई पर पहुंचा, अचानक उसकी सभी लाइटें बंद हो गईं और ट्रक का इंजन भी बंद हो गया। चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक पीछे की ओर



खिसकता चला गया और सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे के बाद गेहूं की बोरियां खाई में दूर-दूर तक बिखर गईं। वह तो गनीमत रही कि पीछे कोई दूसरा वाहन नहीं चल रहा था नहीं तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी।

ट्रक चालक सागरीय निवासी चिराला ने बताया कि वह ट्रक लेकर घाटी चढ़ रहा था, तभी अचानक ट्रक की सभी लाइटें और इंजन बंद हो गए। ब्रेक लगाने के बावजूद ट्रक पीछे की ओर जाने लगा और देखते ही देखते खाई में पलट गया।

आतिशबाजी विक्रय के लिए 64 दुकानें नीलाम प्रशासन को 3.89 लाख का राजस्व होगा प्राप्त

अधिकतम 32 हजार और न्यूनतम 1200 रुपए में छूटी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

दीपावली पर्व पर दशहरे मैदान में लगने वाले आतिशबाजी बाजार में दुकानों की नीलामी हुई। आतिशबाजी के कारोबार के लिए गुरुवार को ट्रेनिंग हॉल में पटाखा दुकानों की नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें आतिशबाजी की कुल 64 दुकानों की नीलामी की गई। इससे जिला प्रशासन को 3 लाख 89 हजार 600 रुपए का राजस्व प्राप्त होगा।

नीलामी के दौरान दुकानों के लिए बोली लगाने वालों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दुकानों की अधिकतम बोली 32 हजार रुपए तक पहुंची, जबकि सबसे कम दुकान 1200 रुपए में नीलाम हुई। नीलामी से प्राप्त राशि सरकारी



राजस्व में जमा होगी।

नीलामी प्रक्रिया एसडीएम मनीष शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान तहसीलदार भरत सिंह मंडले, कस्बा पटवारी सीताराम आदिवासी, शैलेंद्र गौतम, क्लर्क राकेश गोहिल, राजीव राय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में आतिशबाजी बाजार सजाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के दशहरा मैदान में इस बार बम पटाखों की दुकानें लगाने के लिए करीब 60 प्लॉट तैयार किए गए हैं। इन प्लॉटों का आवंटन नीलामी के माध्यम से होगी।

प्रशासन की इस प्रक्रिया के बाद दशहरा मैदान में अस्थायी आतिशबाजी बाजार आकार लेने लगेगा। नीलामी में शामिल होने वाले दुकानदारों की निगाहें प्लॉट हासिल करने पर रहीं।दीपावली के दौरान शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पटाखों की खरीदारी करने पहुंचते हैं। ऐसे में दशहरा मैदान में लगने वाला आतिशबाजी बाजार कारोबारियों के साथ आम लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण रहता है।

दुकान नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब दुकानदार अपनी दुकानें तैयार करेंगे। हालांकि आतिशबाजी बाजार में सुरक्षा व्यवस्था सबसे अहम रहेगी।

टीम पहल वृद्धाश्रम में जाकर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने बनाई रंगोली, बांटे गर्म वस्त्र बरेली। दीपावली पर्व पर गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कर सेवा और संस्कारों की अनूठी मिसाल पेश की। छात्र-छात्राओं का दल 'टीम पहल' वृद्धाश्रम पहुँचा और वहाँ पहुँचकर बुजुर्गों का घर बड़े ही आत्मीय भाव से सजाया। विद्यार्थियों ने आश्रम में जाकर सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाई।



भैया-बहनों ने स्वदेशी अपनाओ- देश बचाओ थीम पर दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश

स्वदेशी के दीप से रोशन होगा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

दीपावली एवं धनतेरस पर्व पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरेली के भैया-बहनों ने "स्वदेशी अपनाओ – देश बचाओ" की प्रेरणादायी थीम के माध्यम से नगरवासियों एवं विभिन्न शासकीय संस्थाओं को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

विद्यार्थियों ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के संवर्धन का संदेश देते हुए नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की तथा पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने एसडीएम कार्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास. बालिका उ.मा. विद्यालय, नगर थाना, विद्युत विभाग, अस्पताल एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सहित विभिन्न



संस्थानों में पहुंचकर स्वदेशी दीयों और हस्तनिर्मित बधाई-पत्रों से शुभकामनाएं दीं।

एसडीएम ने दिया सुरक्षित दीपावली का संदेश- विद्यार्थियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अंकित जैन से मुलाकात की तथा दीपावली पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं आनंदमय तरीके से मनाने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। एसडीएम अंकित जैन ने बच्चों को पटाखों के उपयोग में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बड़े एवं खतरनाक पटाखों से दूरी बनाए रखें, पटाखे जलाते समय घर के बड़े-बुजुर्गों की उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा सुरक्षित दूरी से ही पटाखे जलाएं। उन्होंने किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए सतर्क रहने की समझाइश दी। विद्यार्थियों ने नगर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता एवं पुलिस विभाग के स्टाफ से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों ने त्योहार के समय सुरक्षा एवं सावधानियों को लेकर चर्चा की।थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि पटाखों में बारूद का उपयोग होता है, इसलिए इन्हें जलाते समय विशेष सावधानी आवश्यक है।

पटाखे जलाने के दौरान पानी की व्यवस्था पास में रखें, सुरक्षित स्थान का चयन करें तथा आगजनी एवं दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करें।

स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का लिया संकल्प

भैया-बहनों ने चीनी लाइटों के स्थान पर मिट्टी के दीये, गाय के गोबर से निर्मित दीये तथा स्थानीय कुम्हारों द्वारा तैयार उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया। बच्चों ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से स्थानीय कारीगरों को रोजगार एवं सम्मान मिलता है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। विद्यालय परिसर में दीप सज्जा एवं बधाई-पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया। धनतेरस पर विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि वास्तविक धन केवल सोना-चांदी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कार, शिक्षा और स्वदेशी भावना है। भारतीय संस्कृति एवं परंपराएं ही हमारी सबसे बड़ी धरोहर हैं। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित दीपावली-स्वच्छ दीपावली का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने व पर्यावरण संरक्षण की अपील की।